विधान परिषद के द्वितीय सत्र,2022 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर,मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूँछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-19 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 19(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि गंगाघाट उन्नाव के मुख्य मार्ग पर चौड़ीकरण कार्य के दौरान गंगाघाट परिसर के दक्षिणी ओर संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को वहॉं से हटाकर कोतवाली परिसर में संरक्षित कर रखवा दिया गया था ? | जी हॉं। जिलाधिकारी, उन्नाव के पत्र दिनांक 14-9-2022 द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या के अनुसार नगर में पी0डब्लू0डी0 के मुख्य मार्ग पर चौड़ीकरण के दौरान कोतवाली परिसर के दक्षिणी ओर संविधान निर्माता डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को पी0डब्लू0डी0 के सक्षम अधिकारियों द्वारा वहां से हटवाकर कोतवाली परिसर में संरक्षित कर रखवा दिया गया था। |
| (ख) यदि हॉं, तो सक्षम प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिये गये आश्वासन के आधार पर कोतवाली परिसर में रखी गई संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को उचित स्थान पर कब तक लगवायेंगे ? | संविधान निर्माता डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के पुर्नस्थापन हेतु शीघ्र ही प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

ए0 के0 शर्मा
मंत्री
नगर विकास विभाग ।